हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 1 अक्टूबर 2025

06 ई-रिक्शा से ले जाई जा रही अवैध शराब जब्त, दो...



08 सप्ताहभर में आने लगेगी नई उपज मंडी में भाव अंतर...





## खबर संक्षेप

### पुलिस ने 3 घंटे में नाबालिग को खोजा

**विदिशा।** 27 सितंबर को थाना नटेरन में फरियादी द्वारा अपनी नाबालिग पुत्री के गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने मामला कायम कर विवेचना में लिया। तीन घंटे के भीतर ही पुलिस ने नाबालिग को खोज निकाला और परिजनों को सौंप दिया।

### राशन वितरण अवधि 5 अक्टूबर तक बढ़ाई

**विदिशा।** पात्र परिवारों को माह सितम्बर का आवंटित राशन उचित मूल्य दुकानों से वितरित किया जा रहा है। जिला आपूर्ति अधिकारी अनिल तंतुवाय ने बताया कि जिले के कुल 2 लाख 61 हजार, 656 परिवारों में से अब तक 2 लाख 37 हजार 311 परिवारों द्वारा सितम्बर माह का राशन प्राप्त किया जा चुका है। शेष 24 हजार 345 परिवारों ने अभी तक राशन प्राप्त नहीं किया है। शेष रहे परिवारों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से शासन द्वारा सितम्बर माह के राशन वितरण की अवधि 5 अक्टूबर तक बढ़ाई है।

### 51 कन्याओं को नवीन वस्त्र भेंट किए



**विदिशा।** नवरात्री पर्व देवी स्वरूप कन्याओं को पूजन कर कुशवाह महासभा के पूर्व अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह कुशवाह ने बेतवा नदी के किनारे बने झोपड़िया में निवासरत कन्याओं का पूजन किया गया। अलग अलग जगह 51 कन्याओं को देवी स्वरूपा मानकर नवीन वस्त्र पहनाए गए। धर्मेंद्र कुशवाह ने इससे पहले भी जूते चप्पल, कपड़े भी बांटे थे। इस मौके पर माधव सिंह कुशवाह, कल्लू व्हीआईपी, जगदीश कुशवाह, राकेश नामदेव, राजेंद्र पंथी, दीपक विश्वकर्मा, मोनू अहिरवार, राजा कुशवाह, कपिल शर्मा, अशोक यादव मौजूद रहे।

### युवा स्वरोजगार मेले का आयोजन हुआ

**विदिशा।** युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार मेले का आयोजन कुरवाई में किया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष ममता महाराज सिंह ने किया। नगर परिषद उपाध्यक्ष इरफान सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। आईटीआई युवा संगम में कुल 12 कंपनियों ने उपस्थित होकर 146 अभ्यर्थियों का प्रथम स्तर पर चयन किया है। कुल उपस्थिति आवेदकों की संख्या 282 रही। स्वरोजगार प्राप्त 756 हितग्राहियों में से 10 हितग्राहियों को मंच से स्वीकृति पत्रों का वितरण किया गया।

### बजरंग दल का शस्त्र पूजन कार्यक्रम हुआ

**कुरवाई।** मंगलवार को दोपहर के समय शिव आराधना मंदिर में बजरंगदल के तत्वाधान में शस्त्र पूजन किया गया। विभाग संयोजक सचिन यादव ने बताया धर्म एवं राष्ट्र की रक्षा के लिए शास्त्र के साथ साथ शस्त्र का ज्ञान होना भी आवश्यक है। कार्यक्रम को जिला सेवा प्रमुख रंधीर रघुवंशी एवं जिला सह संयोजक मंजीत तिवारी द्वारा शस्त्र की महत्ता को समझाया गया। प्रखंड नगर खंड एवं ग्राम के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सेवानिवृत्ति पर चौकी प्रभारी को दी विदाई

**कस्वा बागरोद।** पुलिस चौकी में पदस्थ चौकी प्रभारी जेपी मालवीय 41 वर्ष की नौकरी कर सेवानिवृत्ति हुए। मालवीय ने नौकरी की शुरुआत रायसेन जिले के बेगमगंज के थाने में सिपाही के रूप में शुरू की थी। वही कस्बा बागराद में करीब 2 वर्ष से पदस्थ थे। विदाई समारोह में त्योंदा तहसीलदार ऋतु राय, थाना प्रभारी बबिता सिंह, हैदरगढ़, ग्यारसपुर थाना प्रभारी सहित उदयभानु जकाते, घनश्याम साहू, रविंद्र तोमर, सतेंद्र सिंह, मोहित कानूनगो, राकेश व्यास, अतुल शर्मा आदि मौजूद रहे।

## शहर में गरबा महोत्सव की धूम, प्रशासन ने शुरू की दशहरे की तैयारियां






**विदिशा।** शहर में करीब 100 से भी अधिक स्थानों पर झांकियां लगाई गई हैं। जिनके दर्शनों के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इधर प्रशासन और हिंदू उत्सव समिति द्वारा दशहरे की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। हर साल की तरह जैन कॉलेज में रावण दहन किया जाएगा।

### देर शाम कलेक्ट्रेट में एकत्रित हुए पार्षद, नपाध्यक्ष के पति भी पहुंचे

# पार्टी हाईकमान के सख्त निर्देशः नपा का मामला सुलझाओ, न हो राइट टू रिकॉल?

***नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा को खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के बाद भी राजनैतिक उठापटक थमने का नाम नहीं ले रही है। अविश्वास प्रस्ताव के बाद खाली कुर्सी और भरी कुर्सी के बीच तक मामला पहुंचने के पहले ही कोई बीच का रास्ता निकालने का अंदरूनी प्रयास तेज हो गया है। जल्द ही स्थिति साफ होगी।***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

विदिशा नपा में प्रशासनिक स्तर पर अविश्वास प्रस्ताव को स्वीकार करने से पहले पार्षदों के हस्ताक्षर सत्यापन की प्रक्रिया चल ही रही है। दूसरी तरफ अंदर की खबर यह भी है कि पार्टी मुख्यालय से निर्देश प्राप्त हुए हैं कि किसी भी तरह मामला सुलझाया जाए।

जिससे राइट टू रिकॉल की हालत निर्मित न हो। ताकी खाली कुर्सी और भरी कुर्सी के बीच मतदान की स्थिति न बने। हालांकी इस मामले में शुरु से लेकर अभी तक पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष से लेकर सीएम और पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान तक दोनों पक्ष ही बार बार जा चुके हैं। लेकिन इसके बाद भी कोई समाधान नहीं हो सका था। इसके बाद नपाध्यक्ष पर इस्तीफे का दबाव भी बनाया गया था, लेकिन वे दबाव में नहीं आए तो हालात अविश्वास प्रस्ताव तक पहुंचे।

अंदर की चर्चा है कि प्रदेश भाजपा गंभीर है और स्थानीय नेताओं को ही इस गतिरोध को समाप्त करने की हिदायत दी है। गतिरोध को समाप्त करने के लिए गुप्त बैठकें भी हो चुकी हैं लेकिन समाधान क्या निकाला गया है यह सामने नहीं आया। मंगलवार शाम पार्षदों का एक प्रतिनिधिमंडल कलेक्टर से मिलने पहुंचा। यह सामने नहीं आ सका है कि पार्षद अविश्वास की प्रक्रिया में गति लाने के लिए मिले थे या इस प्रक्रिया को रोकने की मांग करने गए थे।

#### अब आगे क्या?

अविश्वास प्रस्ताव की कार्रवाई को रोककर भाजपा का विरोधी गुट नपाध्यक्ष से इस्तीफा लेने में सफल रहा तो सिर्फ 6 माह तक प्रभार नपा उपाध्यक्ष या किसी वरिष्ठ पार्षद को सौंपा जा सकता है। इसके बाद फिर भी चुनाव कराना ही पड़ेगा। यदि सरकार ने चुनाव नहीं कराए तो शेष बचे 14 माह के कार्यकाल के लिए कलेक्टर या एसडीएम को प्रशासक नियुक्त कर दिया जाएगा। पार्टी चाहे तो प्रीति राकेश शर्मा अपना पूरा कार्यकाल पूरा भी कर सकती हैं। हालांकी भाजपा क्या चाहती है यह स्थिति साफ नहीं है।

### विधायक की पोस्ट साझा करने के बाद चर्चाओं का दौर शुरू



विधायक मुकेश टंडन ने मंगलवार को पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल में हुए कार्यों को लेकर एक अच्छी खासी जानकारी सोशल मीडिया पर पोस्ट की है। इसी पोस्ट को राकेश शर्मा ने शेयर किया तो शहर में तरह तरह की चर्चाएं शुरु हो गईं। क्योंकि विधायक मुकेश टंडन और नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा में जरा भी नहीं बन रही है। दोनों एक दूसरे के कार्यकाल की जांच करवाने की मांग कर चुके हैं। इन चर्चाओं में ही नपाध्यक्ष के इस्तीफे की अफवाह भी चली। लेकिन प्रीति राकेश शर्मा ने इस्तीफे की खबर को पूरी तरह अफवाह बताते हुए खारिज किया है।



दरसअल पूर्व सांसद प्रतापभानू शर्मा ने गत दिनों प्रेसवार्ता कर विदिशा में विकास कार्य नहीं होने के शिवराज सिंह चौहान पर निशाना साधते हुए विदिशा को गर्त में पहुंचाने के आरोप लगाए थे। इसके बाद तमाम भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व सांसद प्रतापभानू शर्मा का उल्लेख करते हुए आरोपों को खारिज किया है।

## जेब में रखे मोबाइल में लगी आग, बाहर निकालते ही फटा

### जांघ पर फोड़े बने और उंगलियां झुलसीं

> घटना के बाद लोगों के बीच मोबाइल सुरक्षा को लेकर डर का माहौल है।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

मंगलवार को मोबाइल धमाके का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। व्यापारी आकाश जैन की जेब में रखा वीवो कंपनी का मोबाइल अचानक गर्म हुआ और उसमें से धुआं निकलने लगा। आकाश ने तुरंत मोबाइल बाहर रखा, तभी धमाके के साथ मोबाइल फट गया।

आकाश की पेंट की जेब जल गई और उनकी जांघ पर फोड़े पड़ गए। मोबाइल निकालने की कोशिश में उनकी उंगलियां भी झुलस गईं। अचानक हुए धमाके से मौके पर मौजूद लोग घबरा गए। मोबाइल पूरी तरह से जलकर छार-छार हो गया। मोबाइल फटने की इस घटना के बाद लोगों में दहशत फैल गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि कंपनियों की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। आम लोग हजारों रुपए खर्च कर मोबाइल खरीदते हैं, लेकिन अगर वही जानलेवा साबित हो जाए तो यह गंभीर चिंता का विषय है। इस घटना के बाद लोगों के बीच मोबाइल सुरक्षा को लेकर डर का माहौल है।

#### 19 हजार रुपए में खरीदा था फोन

आकाश जैन ने बताया कि उन्होंने कुछ समय पहले 19 हजार में मोबाइल खरीदा था। रात को फोन चार्ज पर लगाया। सुबह वह ठीक से काम कर रहा था, लेकिन जैसे ही पेंट की जेब में रखा तो मोबाइल गर्म होने लगा और धुआं निकलने लगा। बाहर रखते ही वह धमाके के साथ फट गया। मेरी जान तो बच गई, वरना हादसा और बड़ा हो सकता था।

### सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत स्वस्थ नारी, स्वच्छ परिवार शिविर का आयोजित हुआ

## जनसेवा ही सबसे बड़ा धर्म हैः सूर्यप्रकाश मीणा

- 400 से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद

शासकीय अस्पताल परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर से गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक चल रहे सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत स्वस्थ नारी, स्वच्छ परिवार विषय पर स्वास्थ्य शिविर लगाया गया।

शिविर में 400 से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया एवं 21 लोगों ने ब्लड डोनेट किया। शिविर में महिलाएं, बच्चे और ग्रामीणजन शिविर में पहुंचे और निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व परामर्श सेवाओं का लाभ उठाया। इस दौरान एसडीएम अजय प्रताप सिंह, नायाब तहसीलदार दर्शनलाल नेगी, नगर परिषद अध्यक्ष भारती प्रदीप माहेश्वरी, डॉ भैरों सिंह गुर्जर, मनोज साहू, राजेन्द्र जैन, मंडल अध्यक्ष प्रहलाद कुशवाह, कमलेश मेहर, जनपद उपाध्यक्ष नीलेश धाकड़, दुष्यंत धाकड़, संदीप साहू, डॉ सतीश दुबे, दीपक मेहर मौजूद रहे।



**शमशाबाद।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और आशा को सम्मानित किया गया।

#### स्वस्थ नारी सशक्त समाज की नींव है

मुख्य अतिथि विधायक सूर्यप्रकाश मीणा ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीति को सेवा का माध्यम बनाया है। यह पखवाड़ा केवल कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाजसेवा का संकल्प है। स्वस्थ नारी ही स्वस्थ परिवार और सशक्त समाज की नींव है। शिविर में अच्छे कार्यों पर आंगनबाड़ी, आशा कार्यकर्ता को सम्मानित किया गया। उन्हें प्रमाण पत्र दिए गए।

## विधायक निधि में भ्रष्टाचार करके सरपंच सचिव ने मिलीभगत से 1 लाख रु. निकाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हैदरगढ़

ग्यारसपुर की ग्राम पंचायत कोलुआ जागीर के सरपंच और सचिव ने मिलकर विधायक हरिसिंह रघुवंशी द्वारा सामुदायिक भवन निर्माण के लिए विधायक निधि से दिए 2 लाख रुपए में 1 लाख की राशि निकालकर निजी उपयोग में खर्च कर दी।

26 अगस्त 2023 को 34 हजार 724 रुपए और इसी दिन 65 हजार 275 का बिल लगाकर जय गुरुदेव बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर के नाम भुगतान करना दिखाकर हड़पी गई। जबकि सामुदायिक भवन का निर्माण आज दिनांक तक नहीं हुआ। विधायक हरि सिंह रघुवंशी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि आपके माध्यम से मेरे पास जानकारी आई है, मैं इसकी अधिकारियों से बात कर जांच करवाता हूं। क्या विधायक निधि ग्राम पंचायत में सरपंच सचिव के लिए भ्रष्टाचार करने के लिए दी गई है या ग्राम विकास के लिए। जो भी इसमें दोषी होगा उसके ऊपर कठोर कार्रवाई की जाएगी। ग्राम पंचायत सचिव हनुमंत यादव का कहना है कि विधायक निधि की राशि हमने पुलिया निर्माण में लगा दी है, जैसे ही पुलिया निर्माण की राशि प्राप्त होगी वह सामुदायिक भवन निर्माण में लगाई जाएगी।




#### सरपंच और सचिव पर कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों का कहना है कि यह राशि भवन निर्माण कार्य में खर्च की जानी चाहिए थी, लेकिन सरपंच और सचिव की मिलीभगत कर विकास कार्यों की राशि में गड़बड़ी की है। ग्रामवासियों ने मांग की है कि इस घोटाले की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि पंचायत स्तर पर विकास निधि का सही उपयोग हो सके।

### अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन ने लगाई चौपाल

**विदिशा।** ग्राम पंचायत पथरई हाटखेड़ा में अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन द्वारा रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें 130 ग्रामीणों ने भाग लिया। सरपंच, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, आशा कार्यकर्ता सहित महिला-पुरुष ग्रामीणों ने स्वास्थ्य एवं पोषण विषयों पर सक्रिय चर्चा की। कार्यक्रम में पोषण, कुपोषण, दस्त प्रबंधन, ओआरएस बनाने की विधि, पूरक आहार, स्तनपान और प्रारंभिक बाल शिक्षा पर शैक्षिक वीडियो प्रदर्शित किए गए। ग्रामीणों को घर के बने भोजन अपनाने की प्रेरणा दी गई।

### लाइनमैन की कुल्हाड़ी से हत्या

**विदिशा।** कुरवाई थाना अंतर्गत लायरा चौकी के ग्राम बरखेड़ी में रविवार रात लाइनमैन धर्मेन्द्र उर्फ चुन्नीलाल अहिरवार की कुल्हाड़ी मारकर निर्मम हत्या कर दी गई। आरोपी रोहित आदिवासी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। एसपी रोहित काश्वासनी ने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। आरोपी से पूछताछ जारी है, लेकिन हत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दुर्घटना में महिला शिक्षक घायल, हालत गंभीर

**ग्यारसपुर।** धामनोद हायर सेकेंडरी स्कूल में पदस्थ अतिथि शिक्षक हेमलता मौर्य छुट्टी के बाद स्कूटी से विदिशा लौटते समय मढ़िया और कोलुआ के बीच गिरकर घायल हो गईं। उन्हें सिर में गंभीर चोट आईं हैं। लोगों की मदद से उन्हें निजी वाहन से ग्यारसपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टर संदीप रावत ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। जनप्रतिनिधि अनिल शर्मा अपने चार पहिया वाहन से घायल शिक्षिका को अस्पताल ले गए। वहीं मंडल अध्यक्ष अजय गुर्जर भी अस्पताल पहुंचे।

## किसानों को खाद वितरण के लिए नई व्यवस्था आज से होगी प्रारंभ

***टोकने मिलने के बाद किसान को 3 दिवस के अंदर चयनित वितरण केंद्र से उठाव करना होगा। न करने पर टोकन स्वतः ही निरस्त हो जाएगा।***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

शासन द्वारा किसानों की सुविधा के लिए पायलेट प्रोजेक्ट के तहत विदिशा में खाद वितरण की नई व्यवस्था 1 अक्टूबर लागू होगी।

नई उर्वरक वितरण व्यवस्था के अंतर्गत किसान को उनकी फार्मर आईडी में दर्ज रकबे एवं चयनित फसल की आवश्यकता अनुसार उर्वरक उपलब्ध हो सकेगा। इसके लिए किसानों को अपने आधार नंबर से पोर्टल पर पंजीयन करना होगा। किसान के रकबे अनुसार बोई जाने वाली फसल का चयन करना होगा। चयनित फसल अनुसार आवश्यक उर्वरकों की पूर्ति के लिए उर्वरकों के प्रकारों एवं उर्वरक उठाव के लिए वितरण केंद्र सहकारी, निजी का चयन भी किसान द्वारा स्वयं किया जाएगा। चयनित उर्वरक की पात्रता अनुसार पोर्टल द्वारा स्वतः किसान को टोकन मिलेगा। किसान को प्राप्त टोकन अनुसार तीन दिन के अंदर चयनित वितरण केंद्र से उठाव करना होगा। यदि किसान तय समय सीमा में उर्वरक का उठाव नहीं करता है तो कूपन स्वतः निरस्त हो जाएगा।

#### किसान के पास फार्मर आईडी होना जरूरी है

इस व्यवस्था के लिए किसानों के पास भारत सरकार के पोर्टल एग्री स्टेक पर फार्मर आईडी बनी होना अनिवार्य है। उस आईडी में किसान के पास उपलब्ध रकबा दर्ज होना आवश्यक है। आईडी पर दर्ज रकबे के अनुसार ही किसान को उर्वरक की पात्रता होगी। जिन किसान भाइयों ने अभी तक फार्मर आईडी नहीं बनवाई है वह फार्मर आई-डी बनवा लें।

### शुजालपुर में हुई 69वीं राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता

## साकेत के तीरंदाजों ने राज्य स्तर पर जीते पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



शुजालपुर में 21 से 26 सितंबर तक आयोजित 69वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा तीरंदाजी एवं फील्ड आर्चरी प्रतियोगिता में साकेत विद्यालय के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में साकेत एमजीएम सीनियर सेकंडरी स्कूल की विशेष उपलब्धि रही। छात्रा आराध्या करतारिया जो आर्चरी अंडर 14 बालिका वर्ग में राष्ट्रीय स्तर एसजीएफआई हेतु वाराणसी (उत्तर प्रदेश) में होने वाली प्रतियोगिता के लिए चयनित हुई। खिलाड़ियों ने अपनी सटीकता और उत्कृष्ट खेल कौशल के दम पर कई पदक जीतकर विद्यालय एवं जिले का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में शामिल रहे साकेत एमजीएम के छात्र निखिल विश्वकर्मा व शिवांग परिहार साकेत शिशु रंजन टीलाखेड़ी ने टीम इवेंट में रजत पदक प्राप्त किया।

निखिल विश्वकर्मा व श्रेयांश सक्सेना ने आर्चरी कंपाउंड अंडर 19 में कांस्य पदक प्राप्त किया। साकेत एमजीएम की छात्रा शैली द्विवेदी, अनुष्का आचार्य व साकेत शिशु रंजन सिविल लाइन की छात्रा सनद सैय्यद ने आर्चरी कंपाउंड अंडर 19 टीम बालिका में कांस्य पदक प्राप्त किया।

#### निखिल विश्वकर्मा ने कांस्य पदक प्राप्त किया

फील्ड आर्चरी कंपाउंड इंडियन सिंगल स्पॉट में निखिल विश्वकर्मा ने कांस्य पदक प्राप्त किया। बच्चों की इस शानदार सफलता पर विद्यालय परिवार और अभिभावकों ने गर्व व हर्ष व्यक्त किया। विद्यालय में विजेता खिलाड़ियों और उनके माता पिता का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर संस्था के संचालक ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल खिलाड़ियों की मेहनत और लगन का परिणाम है, बल्कि उनके माता पिता, साकेत परिवार व उनके सभी खेल शिक्षक के सतत मार्गदर्शन का प्रमाण भी है। कार्यक्रम में साकेत शिशु रंजन के प्राचार्य प्रकाश शर्मा, साकेत एमजीएम के प्राचार्य बिभास रंजन पाल ने सभी खिलाड़ियों व आर्चरी खेल में बच्चों को प्रशिक्षित करने वाले खेल शिक्षक शुभम सेन को बधाई दी।

### भैंसें चोरी, पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा बुजुर्ग

**विदिशा।** लटेरी थाना क्षेत्र के झूकरजोगी गांव से शिंभू सिंह की छह भैंसें चोरी हो गईं। ग्रामीणों की मदद से दो भैंसें तो मिल गईं, लेकिन चार का अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। शिंभू सिंह ने बताया कि 21 सितंबर की रात अज्ञात चोर उनके बाड़े से भैंसें ले गए। उन्हें पास के अगरा पठार गांव के कुछ लोगों पर चोरी का शक है। पीड़ित का आरोप है कि लटेरी पुलिस से शिकायत करने के बावजूद उनकी सुनवाई नहीं हुई। मजबूर होकर वे आज एसपी कार्यालय पहुंचे और जनसुनवाई में अपनी फरियाद दर्ज कराई। जनसुनवाई में शिंभू सिंह ने बताया कि उनकी भैंसें ही उनके परिवार का मुख्य सहारा थीं और उनके चोरी हो जाने से पूरा घर आर्थिक संकट में आ गया है। उन्होंने पुलिस से जल्द से जल्द उनकी भैंसें ढूंढने की गुहार लगाई।

खबर संक्षेप

## कृषि उपज मंडी तीन दिन रहेगी बंद

**गंज बासौदा।** नवीन कृषि उपज मंडी में लगातार तीन दिनों तक अवकाश रहेगा। मंडी प्रशासन ने बताया कि 30 सितंबर को अष्टमी, 1 अक्टूबर को नवमी और 2 अक्टूबर को दशहरा एवं गांधी जयंती के कारण डाक नीलामी बंद रहेगी। मंडी में शहर और आसपास के सैकड़ों गांवों से हजारों किसान अपनी उपज बेचने आते हैं। मंडी प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे इन तीन दिनों में अपनी उपज लेकर मंडी न आएं। सूचना के अभाव में यदि कोई किसान उपज लेकर पहुंचता है, तो उसे नीलामी के लिए तीन दिन इंतजार करना पड़ सकता है। जिससे उसे परेशानी होगी। इस समस्या से बचने के लिए, मंडी प्रशासन कर्मचारियों और साउंड माइक के माध्यम से पूरे परिसर में अवकाश की सूचना दे रहा है।

## रघुवंशी समाज का शस्त्र पूजन 2 को

**गंजबासौदा।** अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय महापरिषद के तत्वाधान में 2 अक्टूबर दशहरे पर दोपहर 1 बजे रघुवंशी समाज का शस्त्र पूजन एवं मिलन समारोह का आयोजन बरेठ रोड स्थित रघुवंशी धर्मशाला में आयोजित किया गया है। इस मौके पर समारोह में धर्म की रक्षा और अधर्म पर विजय के प्रतीक के रूप में सभी स्वजातीय बंधुओं द्वारा शस्त्र पूजन की परंपरा का पालन किया जाएगा। इसके साथ ही समाज के सभी बंधुओं के लिए मिलन एवं संगोष्ठी का भी आयोजन होगा, जिसमें आपसी मेल-जोल बढ़ाने और समाज में एकता का संदेश साझा किया जाएगा। अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय महापरिषद ने सभी समाज बंधुओं से अनुरोध किया है कि वे सामूहिक शस्त्र पूजन के आयोजन में उपस्थित होकर समाज की शक्ति, एकता और संगठन का परिचय देते हुए इस पावन अवसर को सफल बनाएं।

## पुण्यतिथि मनाई



**गंजबासौदा।** वाचनालाय पाठक संघ के तत्वाधान में स्वर्गीय माधव राव सिंधिया की पुण्य तिथि मनाई गई। इस अवसर पर संचालन दीपक तिवारी ने करते हुए उनको जन नायक बतालाया। स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के अध्यक्ष सुनील बाबू पिंगले ने कहा कि उन्होंने रेल मंत्री रहते हुए गंज बासौदा को कई सुविधाएं प्रदान की थीं। वहीं उन्होंने मानव संसाधन मंत्री के रूप में दोपहर के भोजन की योजना प्रारम्भ की थी। फलस्वरूप शालाओं में बच्चों की उपस्थिति में भारी बदलाव आया। इस अवसर पर गोपाल शर्मा, कैलाश नामदेव, विजय अरोरा एवम प्रमोद शर्मा ने उनको भावभीनी पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें सदी का महानायक बतलाया। इस मौके पर सतीश शिल्पकार ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बबलू राय, कैलाश नेमा, गोपाल सिंह ठाकुर, मोहन सैनी, सुबोध जैन, देवेंद्र शर्मा सहित अनेक पाठक गण उपस्थित थे।

### अवैध शराब के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम में पुलिस ने की कार्रवाई

# ई-रिक्शा से ले जाई जा रही अवैध शराब जब्त,दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शहर पुलिस ने मादक पदार्थो के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को बडी कार्रवाई की है। पुलिस ने एक ई रिक्शा से ले जाई जा रही 59 बल्क लीटर से अधिक शराब कीमती करीब 33 हजार रूपए और ई रिक्शा जब्त किया है। साथ ही आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस शिखा भलावी के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी बासौदा शहर संजय बेदिया के नेतृत्व में थाना बासौदा शहर पुलिस ने अवैध शराब तस्करी पर निर्णायक कार्रवाई की। पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली थी कि एक सवारी ई रिक्शा क्रमांक MP04YB0957 से दो व्यक्ति अबैध शराब रखकर रेलवे स्टेशन रोड से जली मील होते हुए त्योंदा रोड इन्द्रानगर बासौदा की ओर जाने वाले हैं। इस सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल दबिश दी गई व घेराबंदी कर ई रिक्शा सहित दो व्यक्तियों को पकड़ा गया। नाम पता पूछने पर ई रिक्शा के चालक ने अपना नाम राजकुमार सेन उम्र 30 साल निवासी वार्ड नंबर 21 शारदा नगर रजोदा रोड गंजबासौदा बताया एवं पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम कपिल यादव उम्र 32 साल निवासी साकेत नगर काला बाग बरेठ रोड बताया।



ई रिक्शा मे रखे हुए दोनो थैलो मे रखे सामान के बारे में पूछताछ करने पर कपिल यादव ने दोनो थैलो में देशी मदिरा मशाला के पाव होना बताया एवं चालक राजकुमार सेन ने दोनो थैलो मे शराब होने की पुष्टि की। एक थैले मे 170 पाव देशी मदिरा मशाला के एवं दूसरे थैले मे 160 पाव देशी मदिरा मशाला शराब मिली। दोनो थैलो में रखी शराब देशी मदिरा मसाला के कुल 330 पाव कुल 59.400 बल्क लीटर कुल कीमती करीबन 33000 रूपये जब्त किए गए एवं चालक राजकुमार सेन से अपराध मे प्रयुक्त ई रिक्शा रजिस्ट्रेशन क्रमांक MP04YB0957 कीमती करीब 320000 रूपये को भी जब्त किया गया।

आरोपी कपिल यादव व राजकुमार सेन के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में निरीक्षक संजय बेदिया, प्रआर सतेन्द्र रावत ,आर अभिषेक शुक्ला, आर अनिल यादव की विशेष भूमिका रही।

## बाइक को बचाने में बस अनियंत्रित होकर पलटी, आधा दर्जन घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार को पठारी रसूलपुर के बीच एक बस सामने से आ रही बाइक को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर बाइक से टकरा गई और सडक से नीचे उतरकर पलट गई। इस दुर्घटना में बाइक सवार और बस में बैठे यात्रियों सहित करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है,जबकि चार गंभीर घायलों को विदिशा रेफर किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार खुरई से शक्ति ट्रांसपोर्ट की बस क्रमांक एमपी 04 पीए 4888 विदिशा की ओर जा रही थी एवं बाइक विदिशा की ओर से खुरई के लिए जा रही थी। रास्ते में रसूलपुर के पास ढाबा के सामने बाइक एवं शक्ति बस की टक्कर हो गई। इस दौरान बाइक को बचाने के प्रयास में बस अनियंत्रित होकर सडक से नीचे पलट गई। इस दुर्घटना में बाइक सवार अंकित कुशवाहा एवं बिहारी कुशवाहा भोपाल निवासी को गंभीर चोट लगी। वहीं बस में बैठी सवारी मोना रैकवार, जगदीश रैकवार, विदिशा निवासी एवं परसौरा निवासी उत्तम सिंह राजपूत, लीलाबाई राजपूत को भी चोट लगी। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर त्यौदा पुलिस एवं त्यौदा तहसीलदार, एसडीओपी शिखा भलावी पहुंचीं और उनके द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

## बहन जी का हर पल सबको खुशियां देने में और शिवबाबा की शुभ आशाओं को पूरा करने में लगा रहा: ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय चर्च वाली गली बरेठ रोड स्थित सेवाकेंद्र पर राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी अवधेश दीदी जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। जिसमें ब्रह्माकुमारी रुक्मणी दीदी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि दीदी का जन्म 16 अगस्त 1950 में उप्र में आगरा के शमसाबाद में हुआ राजयोगिनी अवधेश दीदी में बचपन से ही भक्तिभाव के संस्कार थे। उनकी भगवान में अटूट आस्था, श्रद्धा और विश्वास देख माता-पिता ने सोच लिया था कि यह बच्ची साध्वी बनेगी। आपकी बचपन से ही समाजसेवा और देशप्रेम में रुचि रही। अध्यात्म के प्रति अटूट लगन के चलते उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन समाज कल्याण, समाजसेवा और विश्व कल्याण के कार्य में अर्पित कर दिया। वर्ष 2010 में आपको किरण लाइफ टाइम सम्मान से सम्मानित किया गया, जो कि एक राष्ट्रीय महिला उत्कृष्ट पुरस्कार है। यह वुमन इंटरनेशन नेटवर्क, इंडिया निर्माण केन्द्र एवं योग फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा मानव मात्र की सेवा के लिए संयुक्त रूप से प्रदान किया गया था।

अवधेश दीदी की ममतामयी पालना, अथक मेहनत, लगन और परिश्रम का कमाल है कि आपने मप्र और उप्र के विभिन्न जिलों में 300 से अधिक सेवाकेंद्रों की स्थापना की। इन सेवाकेंद्रों के माध्यम से एक लाख से अधिक लोग अध्यात्म के पथ पर चलते हुए अपना जीवन व्यतीत कर रहे हैं। साथ ही इन सेवाकेंद्रों पर आपके मार्गदर्शन में 500 से अधिक बेटियों ने अपना जीवन समाजसेवा में समर्पित किया। आपने विभिन्न अध्यात्मिक एवं सामाजिक विषयों पर मुख्य वक्ता के रूप में अनेक राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों को संबोधित किया है। आपके नेतृत्व में 500 से भी अधिक राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय आयोजन किए गए। राजयोगिनी अवधेश दीदी ने प्रदेशभर में महिला सशक्तिकरण से लेकर नशामुक्ति, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और किसानों के लिए कार्य किया है। आपके नेतृत्व में प्रदेश में सैकड़ों नशामुक्ति और किसान सशक्तिकरण अभियान चलाए गए। साथ ही प्रशासनिक सेवा क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए अनेक तनाव प्रबंधन कार्यशालाएं आयोजित की गईं। ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने अपनी भावना व्यक्त करते हुए कहा कि जिन्होंने जीवन की हर कठिन परिस्थितियों को मुस्कुराकर सहन किया एवं तुफानों को भी शिवशक्ति बन दूर भगाए ममता की मूरत बन सबकी झोली दुआओं और वरदानों से भरपूर कि सब बहनों को प्यार से आप लाली-लाली कहतीं थी, ऐसी आदरणीय बड़ी बहन जी का एक-एक पल सबको खुशियां देने में और शिवबाबा की शुभ आशाओं को पूरा करने में लगा रहा। ऐसी फरिश्तानुमा ब्रह्माकुमारीज भोपाल जोन की क्षेत्रीय निर्देशिका एवं राष्ट्रीय संयोजिका प्रशासक सेवा प्रभाग, राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी अवधेश दीदी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। वर्ष 1968 में पहली बार माउंट आबू में ब्रह्माकुमारीज़ के संस्थापक ब्रह्मा बाबा से मिलीं।

बाबा के तपस्वी और प्रेरक जीवन से इतनी प्रभावित हुईं कि उसी क्षण ब्रह्मचर्य का व्रत का संकल्प लेते हुए आजीवन अध्यात्म के मार्ग पर चलने का संकल्प ले लिया। इसके बाद वह ब्रह्मा बाबा के निर्देशानुसार भोपाल पहुंचीं जहां से पूरे मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में अध्यात्म का संदेश पहुंचाया। दीदी को मध्य प्रदेश के राज्यपाल मांगू लाल भाई पटेल, मध्य प्रदेश सीएम डॉक्टर मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी भोपाल के ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## तीर्थ यात्रियों का रेलवे स्टेशन पर किया स्वागत




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस सिवनी से जैन तीर्थ सोनागिर जा रहे श्रद्धालुओं का नगर में तारण तरण समैया जैन समाज के लोगों ने भव्य स्वागत किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिवनी से प्रतिवर्ष महेश कुमार जैन, अनुराग जैन, संदीप जैन समाज के श्रद्धालुओं को तीर्थ क्षेत्र सोनागिर की तीर्थ यात्रा पर निःशुल्क ले जाते हैं। इस वर्ष भी महेश जैन, अनुराग जैन, संदीप जैन के तत्वावधान में सिवनी से करीब 100 से अधिक श्रद्धालुओं का जत्था गत दिवस पातालकोट एक्सप्रेस से सोनागिर के लिए रवाना हुआ।

तीर्थ यात्रियों के इस जत्थे का गंजबासौदा रेलवे स्टेशन पर स्थानीय तारण तरण समैया जैन समाज के लोगों ने अजय जैन जनसेवा के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया। तीर्थ यात्रा पर जा रहे श्रद्धालुओं को शाल, श्रीफल, फलाहार भेंट किया गया। वहीं यात्रा आयोजक महेश कुमार जैन, अनुराग जैन, संदीप जैन का भी पुष्पहार पहनाकर एवं शॉल श्रीफल भेंटकर स्वागत एवं सम्मान किया गया और तीर्थ यात्रा कराने के लिए उनके भावों की अनुमोदना की और सभी को मंगल यात्रा की शुभकामनाएं देते हुए गंतव्य के लिए रवाना किया। इस अवसर पर नीरज जैन, संदेश जैन, नियम जैन, संदीप जैन, मुकेश जैन केवलारी, अमित जैन केवलारी, रंजन जैन, कुलदीप सेन, राजा छारी, सपना जैन, रागिनी जैन सहित बडी संख्या में तारण समैया समाज के लोग मौजूद थे।

## निकली जवारों की शोभायात्रा



**गंजबासौदा।** नवरात्रि के दौरान मंगलवार को नगर के विभिन्न क्षेत्रों से जवारों की शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें महिलाएं अपने सिर पर जवारे रखकर चल रही थीं। शीतला माता मंदिर पहुंचकर इन शोभायात्राओं का समापन किया गया। यहां उल्लेखनीय है कि मंगलवार को कई श्रद्धालुओं ने नवमी मानी है और कुछ श्रद्धालु बुधवार को नवमी मनाएंगे। नवरात्रि में श्रद्धालु मां की आराधना के दौरान जवारे बोते हैं और नवमी पर उनकी शोभायात्रा निकाली जाती है। मंगलवार को नवमी मानने वाले श्रद्धालुओं ने जवारों की शोभायात्रा निकाली। जिसमें फ्रीगंज क्षेत्र, गौशाला, सिंधी कॉलोनी सहित विभिन्न क्षेत्रों में बोए गए जवारों की सामूहिक शोभायात्राएं शीतला माता मंदिर तक निकाली गईं।

## गरबा प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत मंगलवार को हुई गंगा आरती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

पाठशाला परिसर में लगी देवी मां की भव्य झांकी में सोमवार को गरबा का आयोजन किया गया। जिसमें दर्जनों प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस मौके पर कार्यक्रम में नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव विशेष रूप से मौजूद रहीं। बाद में निर्णायक मंडल ने गरबा प्रस्तुति के बाद प्रतिभागियों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय की घोषणा करते हुए सभी प्रतिभागियों के नृत्य की सराहना की। जिसके बाद नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव ने प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए। इस झांकी पंडाल में मंगलवार को मां गंगा की विशेष आरती का भी आयोजन किया गया।

## महिला कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति पर दी समारोह पूर्वक विदाई




**गंजबासौदा।** शासकीय राजीव गांधी अस्पताल में पदस्थ स्टाफ नर्स सुषमा डाले और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी बिनिया बाई वाल्मिकी की मंगलवार को सेवानिवृत्ति पर समारोह पूर्वक विदाई दी गई। इस अवसर पर शासकीय अस्पताल परिसर में कार्यक्रम आयोजित कर दोनों महिला कर्मचारियों को पुष्पहार, पुष्पगुच्छ भेंट कर उनकी सेवा की सराहना की गई। यहां उल्लेखनीय है कि बिनिया बाई वाल्मिकी करीब 45 वर्ष की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुई हैं और इसी तरह सुषमा डाले भी लंबे समय से स्थानीय अस्पताल में ही सेवाएं दे रही थीं। दोनों की सेवा और व्यवहार की सभी लोग सराहना करते हैं और सेवानिवृत्ति समारोह में भी सभी ने उनके व्यवहार की सराहना की। इस अवसर पर बीएमओ डॉ प्रमेन्द्र तिवारी, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ महेन्द्र बाजौरिया, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ लीना शर्मा, डॉ अतुल जैन, डॉ रविन्द्र चिढार सहित स्टाफ सदस्यों ने दोनों कर्मचारियों को पुष्पगुच्छ, शॉल श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंटकर उनके सुखमय जीवन की कामना की।

### नपा ने सैंट एसआरएस स्कूल के बच्चों को किया पुरस्कृत

# ठान लोगे तो करके भी दिखा दोगे: नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर पालिका के द्वारा स्थानीय सैंट एसआरएस पब्लिक हायर सैकेंडरी स्कूल में कार्यक्रम आयोजित कर स्वच्छता सेवा पखवाड़े के तहत आयोजित प्रतियोगिताओं के चयनित विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यदि आप ठान लेंगे तो निश्चित ही उस लक्ष्य को प्राप्त भी कर लेंगे। जैसा मैंने अपने जीवन में अपनाया है कि मुझे नगर को स्वच्छ सुंदर बनाना है। उस लक्ष्य को लेकर में लगातार आगे बढ़ रही हूं।

स्थानीय पाराशरी नदी के सौंदरीकरण का काम पूरा कर लिया है। अब स्थानीय जय स्तंभ चौक के सौंदर्यीकरण और उसमें जो पूर्व की रही गलतियों को सुधारने का हमने प्रस्ताव ले लिया है। इसके साथ ही हम नगर को अग्रणी बनाने की दिशा में लगातार बढ़ रहे हैं। जिसमें शहर के बच्चों, शिक्षकों और संस्थाओं का हमें सहयोग मिल रहा है। इस अवसर पर नगर पालिका स्वास्थ्य अधिकारी राजेश नेमा ने स्वच्छता सेवा पखवाड़ा अभियान की दिशा में नगर पालिका द्वारा किए जा रहे प्रयासों और सैंट एसआरएस स्कूल के सहयोग को रेखांकित किया। वहीं फीडबैक फाउंडेशन के पदाधिकारी भरत कांत द्विवेदी ने पूरे देश में चल रहे स्वच्छता पखवाड़े के मुख्य बिंदुओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार का कचरा जहां से निकलता है, उसका शोधन कर हम सदुपयोग कर लेते हैं। जैसे जो चीज मनुष्य के लिए व्यर्थ हो जाती है, उन्हीं को हम खाद के रूप में उपयोग कर लेते हैं। जो भी इलेक्ट्रॉनिक कचरा है, उसे हम निर्माण कंपनियों को भेज कर नई वस्तुओं के रूप में रीसाईकल करवाते हैं। इस दौरान छात्र-छात्राओं से स्वच्छता अभियान से जुड़े प्रश्न पूछ कर उन्हें पुरस्कार किया गया। कार्यक्रम में निबंध, रंगोली और पेन्टिंग प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, संस्था के डायरेक्टर केएस यादव, विद्यालय की काउंसलर संघमित्रा यादव, राजेश नेमा, फीडबैक फाउंडेशन के भरतकांत, प्राचार्य उमेश चंद्र यादव के द्वारा पुरस्कृत किया गया।

वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा बच्चों में आयरन की कमी को दूर करने गोलियों का वितरण कराया। कार्यक्रम में डायरेक्टर केएस यादव ने कहा कि नगर पालिका के द्वारा जब भी संस्था से शहर विकास में किसी प्रकार का सहयोग मांगा जाता है, तो हम केवल कर्तव्य के रूप में नहीं, बल्कि प्रेम से उसे पूरा करने का प्रयास करते हैं। इसी तरह नगर पालिका से हमें समय-समय पर उचित मार्गदर्शन और मदद मिलती रहती है। इसी क्रम में के .एस यादव ने स्कूल के सामने खुले नाले की समस्या को नपा अध्यक्ष के समक्ष रखा, जिसे नपाध्यक्ष ने तुरंत मानते हुए कार्य कराने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में भाजपा नेत्री सरिता जैन, सरिता रघुवंशी, एनएसएस अधिकारी कृष्णपाल सिंह चौहान, डॉ. विजय जैन, रजनी गुप्ता, प्रियंका अग्रवाल, गोविंद कुशवाहा, कुलदीप रघुवंशी, सोनू राय, गजेंद्र दांगी, रंजू ठाकुर आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया। संस्था द्वारा नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव का शॉल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। संगीत शिक्षक शंभू गिरी गोस्वामी के निर्देशन में छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत की सुंदर प्रस्तुति दी।

## उत्कृष्ट उमावि में मैं अभिमन्यु कार्यक्रम आयोजित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बासौदा में पुलिस विभाग द्वारा मैं अभिमन्यु कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें एसडीओपी शिखा भलावी, थाना प्रभारी संजय वेदिया, उपनिरीक्षक राजेश मिश्रा, उप निरीक्षक राधेश्याम यादव, कार्यक्रम में उपस्थित रहे। सर्व प्रथम एसडीओपी शिखा भलाबी, थाना प्रभारी संजय वेदिया, विद्यालय के प्राचार्य एमसी शर्मा ने मां सरस्वती का पूजन कर उनके समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। थाना प्रभारी संजय वेदिया ने अपने उद्बोधन में बच्चो से मैं अभिमन्यु बनकर बुराइयों का चक्रव्यूह तोड़ने की बात कही। आज के समय में प्रत्येक बच्चे को अभिमन्यु बनकर आगे आना चाहिए, एसडीओपी शिखा भलावी ने मैं अभिमन्यु कार्यक्रम में नशा, दहेज, अश्लीलता और रूढ़िवादिता पर विस्तृत रूप से बच्चों को समझाया तथा आगे आकर परिवार समाज और अपने नगर के प्रति संवेदनशील बनने पर जोर दिया। इसके बाद सभी ने मैं अभिमन्यु बनकर सभी बुराइयां मिटाने की शपथ दिलाई।

अंत में एसडीओपी द्वारा मेडिटेशन के तहत ध्यान कराया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार वरिष्ठ शिक्षक प्रदीप चौरसिया ने किया। इस अवसर पर विद्यालय से वंदना मिश्रा, मनीषा कुशवाहा, खेल प्रभारी स्वतंत्र कुमार जैन एवं महिला पुलिस से शिवानी मिश्रा और रानी कन्नौजिया उपस्थित रहीं।

## जैसीनगर में कल होगा रावण दहन और भजन संध्या का आयोजन

**सागर।** विजयदशमी के पावन पर्व पर जैसीनगर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन 2 अक्टूबर, गुरुवार को शाम 6 बजे ग्राउंड मैदान में किया जाएगा। काली कमेटी जैसीनगर द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त आर्केस्ट्रा कलाकारों द्वारा मनमोहक भजन संध्या भी प्रस्तुत की जाएगी। सभी धर्म प्रेमी बंधुओं से आयोजकों ने सादर पधारने का आग्रह किया है। इस अवसर पर मंत्री गोविंद सिंह राजपूत भी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। उल्लेखनीय है कि सुरखी विस क्षेत्र के जैसीनगर में विगत 26 वर्षों से रावण दहन का आयोजन किया जा रहा है।

## महात्मा गांधी जयंती पर शुष्क दिवस घोषित

**सागर।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी संदीप जी आर ने महात्मा गांधी जयंती 2 अक्टूबर 2025 दिन गुरुवार को शुष्क दिवस घोषित किया। कार्यालय कलेक्टर से जारी आदेश के अनुसार उक्त दिनांक को सागर जिले की समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकानें, एफ. एल. -2, 3, 7, 9, डी-1, सी. एस. - 1बी एवं जिले में स्थित समस्त देशी एवं विदेशी मद्यभण्डागारों से मदिरा का क्रय / विक्रय एवं प्रदाय / परिवहन प्रतिबंधित किया गया है।

### वारदात में उपयोग पिकअप वाहन और चोरी गया अनाज बरामद किया गया

# देवरी थाना पुलिस ने वेयर हाउस में चोरी की वारदात करने वाले 3 शातिर बदमाश चोरों को किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सागर की देवरी थाना पुलिस ने वेयर हाउस में चोरी की वारदातें करने वाले तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपी दमोह जिले के रहने वाले है। वह दमोह से आकर सागर जिले के अलग-अलग थानों में स्थित वेयर हाउस से अनाज चोरी करते थे। पूछताछ में उन्होंने देवरी के अलावा गढ़ाकोटा थाना क्षेत्र में चोरी की वारदातें करना स्वीकार किया है। पुलिस के अनुसार, 26 सितंबर को निधि राजपूत निवासी खतौली ने थाने में शिकायत की।

शिकायत में बताया कि वह ग्राम कोपरा में स्थित परिधि वेयर हाउस की संचालिका है। वेयर हाउस में चौकीदार शिवराज लोधी लगा है। 25 सितंबर को चौकीदार के साथ मैंने वेयर हाउस चेक किया था। रात करीब 11 बजे वेयर हाउस के ताले लगाए थे। जिसके बाद रात करीब 3 बजे वेयर हाउस के चौकीदार शिवराज ने फोन पर बताया कि मैं सो रहा था। आहट आने पर मौके पर जाकर देखा तो कुछ लोग वेयर हाउस की एक शटर का ताला तोड़कर पिकअप वाहन में बोरियां भर रहे है। पिकअप वाहन का नंबर एमपी 20 जीबी 5223 था। चौकीदार पास में जाने लगा तो उक्त लोग पिकअप लेकर भाग गए। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचकर देखा। चोर वेयर हाउस से करीब 55 हजार रुपए कीमत का अनाज मूंग व गेहूं लेकर भागे है। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया। पिकअप वाहन के नंबर के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू की गई।

पुलिस टीम ने मुखबिर तंत्र सक्रिय किया। गाड़ी की पहचान होने के बाद पुलिस टीम आरोपियों तक पहुंची। दमोह जाकर आरोपियों को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी सूरज बंसकार, राहुल अहिरवार और सरमन वर्मन तीनों निवासी दमोह को थाने लाकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपियों ने वेयर हाउस में चोरी करना स्वीकार किया। साथ ही उन्होंने गढ़ाकोटा क्षेत्र में स्थित अलग-अलग वेयर हाउसों में तीन चोरी की वारदातें करना कबूल की है। मामला उजागर होने के बाद गढ़ाकोटा पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पूछताछ में अन्य वारदातों का खुलासा हो सकता है। देवरी थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह बुंदेला ने बताया कि वेयर हाउस में चोरी के मामले में दमोह जिले के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनकी निशानदेही पर वारदात में उपयोग पिकअप वाहन और चोरी गया अनाज बरामद किया गया है। पूछताछ में आरोपियों ने गढ़ाकोटा में चोरी की वारदातें करना स्वीकार किया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है।

## अभिमन्यु अभियान के तहत बच्चों को गढ़ाकोटा थाना का भ्रमण कराया

**गढ़ाकोटा।** बाल संरक्षण एवं सुरक्षा के लिए चलाए जा रहे अभिमन्यु अभियान के अंतर्गत संदीपनी स्कूल के छात्र छात्राओं के लिए को गढ़ाकोटा थाना का भ्रमण कराया गया। इस दौरान थाना की पुलिस स्टाफ ने बच्चों को पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली,सुरक्षा व्यवस्था और कानून व्यवस्था की जानकारी दी, छात्र छात्राओं के साथ शिक्षकों में श्रीयांश तिवारी ,राजवीर मौर्य, निकिता जैन,नेहा गजभिये रहे जिसके साथ में थाना स्टाफ द्वारा बच्चों को अपराध से बचाव, साइबर क्राइम, नशे से दूरी एवं यातायात नियमों के पालन के बारे में जागरूक किया। साथ ही यह भी बताया कि किसी भी आपात स्थिति में पुलिस की मदद कैसे लें और 100 डायल तथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 का उपयोग कब और कैसे करें। बच्चों ने पुलिस कर्मियों से सवाल पूछे और उन्होंने बड़ी उत्सुकता से जवाब दिए। अभियान का उद्देश्य बच्चों को कानून व्यवस्था की समझ दिलाना और उनमें सुरक्षा के प्रति विश्वास पैदा करना है।

### एसडीएम से लगाई गुहार

# बायपासः भूमि अधिग्रहण कर किसानों से खातों की जानकारी तो ले ली, मुआवजा नहीं मिला



**सिरोंज।** भोपाल रोड से बासौदा रोड के बायपास रोड के निर्माण में अधिग्रहित कृषि भूमि के मुआबजे की मांग को लेकर किसान कांग्रेस नेता सुरेन्द्र रघुवंशी के नेतृत्व में दर्जनो किसानो ने तहसील कार्यालय पहुचकर एसडीएम हरि शंकर विश्वकर्मा को एक ज्ञापन सौपा। वही किसानो ने कहा कि लगभग 18 माह होने के पश्चात भी बायपास रोड के लिए अधिग्रहण की गई किसानो की कृषि भूमि का अभी तक मुआवजा नही मिल पाया है। वही कांग्रेस नेता सुरेंद्र रघुवंशी ने कहा कि भोपाल रोड से बासौदा रोड के बीच बनाए गए बायपास मार्ग के निर्माण में उक्त किसानों की कृषि भूमि का अधिग्रहण पीडब्यूडी एवं राजस्व विभाग द्वारा 18 माह पहले किया गया था परंतु अभी तक डेढ़ साल हो जाने के बाद भी किसानों को उनकी कृषि भूमि का मुआवजा नहीं दिया गया है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाते हुए कहा कि पूर्व में भी कई बार शिकायत की गई व कलेक्टर विदिशा को भी ज्ञापन दिया गया था। उसके बाद किसानों से उनके बैंक खातों की जानकारी एवं दूसरी कार्यवाही पूर्ण कर ली गई थी। परंतु डेढ़ साल इंतजार करने के बाद भी किसानों को उनकी कृषि भूमि का मुआवजा नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने मांग करते हुए एसडीएम से कहा कि यदि शीघ्र किसानों को मुआवजा नहीं दिया गया। तो किसान उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। जिसकी समस्त जिम्मेदारी जिला प्रशासन विदिशा की रहेगी। इस मौके पर किसान मोतीलाल कुशवाह,गोकुल कुशवाह,अमीनुल जफर खान,चैन सिंह कुशवाह,श्रीमती हरि बाई कुशवाह सहित अन्य किसान मौजूद थे।

## सिविल अस्पताल में स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन



**सिरोंज।** नगर के शासकीय राजीव गांधी स्मृति चिकित्सालय में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बीएमओ डॉ विकास सिंह बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला चिकित्सालय विदिशा से आए विशेषज्ञों के द्वारा कैंप में आए लगभग 720 हितग्राहियों का उपचार एवं जांच की गई। वही स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ किशा गुप्ता द्वारा गर्भवती महिलाओं,धात्री महिला,किशोरी बालिकाओं का उपचार किया गया। साथ ही गंभीर बीमारियों का उपचार मेडिसिन विशेष डॉ सार्थक गोयल के द्वारा किया गया। कैंप में हितग्रहियों को प्रोत्साहित करने हेतु पर्चे के पैसे भी नहीं लिए गए। तो वही सदगुरु चिकित्सालय से आए नेत्र चिकित्सक द्वारा 60 लोगों का परीक्षण किया गया। जिसमें 9 लोग मोतियाबिंद आपरेशन हेतु चिन्हित किए गए। हितग्राहियों को तुरन्त गाड़ी में बैठा कर सदगुरु ट्रस्ट हॉस्पिटल भेजा गया। इसी के साथ मनोरोग विशेषज्ञ डॉ सरिता के द्वारा मनोरोगियों का उपचार एवं काउंसलिंग की गई। डॉ सुरेश अग्रवाल शिशु रोग चिकित्सक के द्वारा बच्चों का उपचार किया गया। आवश्यकतानुसार हितग्राहियों को एक्सरे,फिजियोथेरेपी अन्य खून की जांचें भी की गई। कैंप में हितग्रहियों के आयुष्मान आईडी एवं आभा आईडी बनाई गई।

### संभागीय अधिवेशन में दिव्य देशना महिला मंडल की सदस्यों ने निभाई अग्रणी भूमिका

# अखिल भारत वर्षीय महिला परिषद का संभागीय अधिवेशन का आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

नगर के जिनोदय तीर्थ क्षेत्र नसिया जी पर सर्वोदय महिला परिषद द्वारा अखिल भारतवर्षीय महिला परिषद का संभागीय अधिवेशन संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में दिव्य देशना महिला मंडल ने अग्रणी होकर हिस्सा लिया। साथ ही महिला मण्डल की अध्यक्ष श्रीमति रानी जैन बगरौदा के नेतृत्व में विभिन्न गतिविधियो में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिसकी सराहना राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर के पदाधिकारियो ने की। उल्लेखनीय है उक्त कार्यक्रम के लिए दिव्य देशना महिला



मण्डल द्वारा पिछले दो माह से दिव्य घोष एंव अन्य गतिविधियो का अभ्यास किया जा रहा था। इस अवसर पर महिला मण्डल की अध्यक्ष रानी जैन बगरोदा ने कहा कि मुझे दिव्य देशना महिला मण्डल की सदस्यो पर बडा गर्व है कि उन्होने संगठित होकर एकता का परिचय देते हुए सभी प्रतियोगिताओ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही उन्होने कहा कि आगे भी हम महिला मण्डल को संगठित कर विभिन्न गतिविधियो को आगे बडाने का प्रयास करेंगे।

इस संभागीय अधिवेशन में सोमा संभाग की पांच शाखाओं में बीना, बासौदा, सर्वोदय परिषद, दिव्य देशना, राजपुर नगर की शाखाओं ने भाग लिया। इस अधिवेशन में सागर से आई प्रान्तीय अध्यक्ष आशा जी,प्रान्तीय सचिव मंजू मगन जी, प्रान्तीय कोषाध्यक्ष सुगधी दीदी,शहरी क्षेत्र से डॉ सुषमा अग्रवाल सहित अन्य विशेष अतिथि पधारे। वही अखिल भारतवर्षीय दिव्य देशना महिला परिषद द्वारा दिव्य घोष के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें महिला परिषद की सभी शाखाओं द्वारा धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक गतिविधियो की रिपोर्ट प्रस्तृत की। इस मौके पर श्रीमति प्रीति बांसल, सरोज घेतल, नम्रता जैन सैनानी, रिम्पी जैन, अनिता भूपत, मोना भूपत, प्रीति भूपत, ज्योति जैन, सीमा जैन, सारिका जैन,शोभा जैन, नीतू चम्पतशाह, मीना चम्पतशाह, प्रीति भौरिया, स्वाति जैन, सपना जैन, बबीता जैन, नीतू जैन, संगीता जैन, रूचि घेतल, मीनू घेतल, रेणु जैन, निधि जैन, संध्या जैन, आरती जैन, ज्योति भूपत सहित बडी संख्या में महिला मण्डल की सदस्य मौजूद रही।

## ओम शांति भवन धोखेड़ा में लगी चैतन्य झांकी



हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

प्रजापति ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की शाखा द्वारा शारदीय नवरात्रि महापर्व को अत्याधिक प्रभावी, मनमोहक और मन चित्त को शांति, उर्जा प्रदान करने के अनूठे प्रयास में नो देवियों की चैतन्य झांकी लगाई जा रही है। इसी के साथ मातारानी की आराधना में गरबा नृत्य का भी आयोजन किया जा रहा है।

■ नवरात्रि पर्व में ब्रम्हाकुमारी परिवार की अनूठी पहल

ब्रम्हाकुमारी विश्वविद्यालय का ग्राम धोखेड़ा में स्थित और संचालित ओम शांति भवन केन्द्र बना हुआ है। चार दिनों तक नो देवियों की चैतन्य झांकी देखने देवी भक्तों की भीड उमड़ रही है। पहले दिन की पर्दा आरती में नपं. अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी ने महाआरती की तो दूसरे दिन की आरती में एसडीओपी कुंवर सिंह मुकाती की उपस्थिति रही। माँ दुर्गा के विभिन्न रूपों की मनमोहक सजी चैतन्य झांकियों के प्रतिदिन प्रदर्शन में ब्रम्हाकुमारी परिवार के भक्त शिष्यों की सक्रिय भूमिका बनी हुई है।

# गुरूकुल स्कूल में हुआ गरबा महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

नगर की सीबीएसई शिक्षण संस्था गुरूकुल स्कूल में दसवां गरबा महोत्सव का भव्य आयोजन किया। गरबा महोत्सव में भारी संख्या में छात्र-छात्राए अपनी माताओं के साथ सम्मिलित हुई, स्कूल प्रांगण में सजे माँ दुर्गा के भव्य पंडाल में माँ गौरी एवं माँ सरस्वती की आरती पूजन के साथ गरबा महोत्सव की शुरूआत हुई। नगर के प्रायवेट स्कूलों में सबसे पहले गुरूकुल स्कूल ने 10 वर्षो पूर्व गरबा महोत्सव आयोजन की शुरूआत की गई थी।

### बिखरी संस्कृति की घटा

गरबा महोत्सव में सम्मिलित होने वाले छात्र-छात्राए, पालक और नागरिक पारंपरिक पोशाखों में सम्मिलित होकर माँ दुर्गा की भक्ति और सांस्कृतिक घटा बिखेरने भारी उत्साह के साथ नृत्य कार्यक्रमों में भाग लेते रहे। इस अवसर पर गुरूकुल स्कूल की संचालिका श्रीमती सोनिया राठी ने कहा कि गरबा एक नृत्य नहीं बल्कि माँ की आराधना और भक्ति का प्रतीक पर्व है, केवल आनंद के लिए नहीं अपने ह्दय में माँ दुर्गा के प्रति श्रद्धा और समपर्ण जागृत करने मनाये, गुरूकुल के विधार्थियों को भारती संस्कृति, परंपराओं और नैतिक मूल्यों से जोडऩे का अवसर प्रदान कर व्यक्तित्व निखारनें का प्रयास किया जाता है।

## देवी मंदिरों व पंडालों में उमड़ रही भक्तों की भीड़

# अष्टमी, नवमी पर परिवारों में कुलदेवी की विशेष पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

देवी भक्तों द्वारा नवरात्रि के वृत उपवास रख कर देवी मैया की भक्ति आराधना की जाती है। कुल परिवार की परंपरानुसार अष्टमी एवं नवमी पर संपूर्ण परिवार एकत्रित होकर अपनी कुलदेवी की विशेष पूजन प्रार्थना करते है। नवरात्रि समापन की ओर है, खेरापति माता मंदिर सहित अन्य मंदिरों में माँ दुर्गा की विशेष पूजन भोग चढ़ाने सुबह से भीड़ उमड रही है।

नवरात्रि नो दिनों की होती है, परंतु इस वर्ष नवरात्रि 10 दिन की है। झांकी पंडालों में धार्मिक भजन, कीर्तन, देवी मैया की संगीतमयी महाआरती के साथ अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम हो रहे है।

इस वर्ष नवरात्रि 10 दिनों की होने के कारण दशहरा पर्व 2 अक्टूबर गुरुवार को मनाया जाएगा। हिन्दु उत्सव समिति के तत्वाधान में दशहरा पर्व पर अखाड़ों के प्रदर्शन के साथ विशाल चल समारोह निकालने की तैयारी है। दशहरें के गुरूवार को दशहरा हॉकी मैदान पर शाम को रावण दहन, उसके बाद धर्मसभा, पुरूस्कार वितरण एवं की ईनामी प्रतियोगिता होगी। जिसकी हिउस द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही है।

### 2 अक्टूबर को मनाया जाएगा दशहरा पर्व



### झांकी पंडालों में दर्शनार्थियों की भीड़

*नगर में 30 से अधिक स्थानों पर मातारानी के भव्य दरबार झांकी पंडालों को बना कर सजायें गए है। मौसम खुला रहने के कारण शाम होते ही पंडालों मे देवी भक्तों की भीड़ होने लगती है। आरती पूजन से शुरू हुआ सिलसिला आधी रात तक चलता रहता है। दर्शनार्थियों की भारी भीड़ से सकरे मार्गो पर जाम लगने की स्थिति भी बन रही है।*

### स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान अंतर्गत...

# सेवा भारती ने ओजस अस्पताल के सहयोग से लगाया स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन से स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान की शुरूआत हुई। प्रधानमंत्री मोदी की अपील के अंतर्गत समाजसेवी संस्था सेवा भारती के सहयोग से नरसिंह टेकरी हनुमान मंदिर प्रांगण में महिलाओं का स्वास्थ्य शिविर लगाया। जिसमें पुरानी बस्ती की 100 से अधिक महिलाओं की स्वा. जांच के साथ जरूरी दवाईयों का वितरण किया।




सेवा भारती ने संचालित सेवा संस्कार केन्द्रों के माध्यम से शिविर की सूचना घरों घर तक दी गई थी। शिविर का शुभारंभ ओजस अस्पताल की महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुराधा कुशवाहा ने माँ सरस्वती की पूजन से किया। शिविर में काछी मोहल्ला, छीपा मोहल्ला, होली चौक, ठाकुर मोहल्ला से आई महिलाओं, गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार सलाह के साथ दवाईयों का भी वितरण किया गया।

शिविर में ओजस अस्पताल के संचालक डॉ. एसपी सिंह, वार्ड 13 की पार्षद श्रीमती मधु वीरेन्द्र धाकड़, हरिदास भावसार, हीरेन्द्र मालवीय, दिनेश राजौरिया, बीएस किरार, दिलीप राठोर, किशोर सिंह ठाकुर, राजकुमार ठाकुर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता विमला चौहान द्वारा उपस्थित रहकर सक्रियता पूर्वक शिविर आयोजन में सहयोग किया। सभी का आभार अवधनारायण सक्सेना ने व्यक्त किया।

### छात्र-छात्राओं, पालकों ने गरबा नृत्य से की मां की अराधना

# सर्वोदय पब्लिक स्कूल में हुआ गरबा नृत्य का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

नगर की अग्रणी शिक्षण संस्था सर्वोदय पब्लिक स्कूल में नवरात्रि पर्व पर माँ दुर्गा की आराधना भक्ति में गरबा नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। माँ दुर्गा की अराधना में स्कूल प्रांगण को भव्यता के साथ सजाया गया। गरबा नृत्य परंपरानुसार पौशाखों में छात्र-छात्राओं माताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर गरबा गीतों पर नृत्यों की धूम मचा दी।

■ स्कूल प्रांगण को भव्यता के साथ सजाया

सर्वोदय पब्लिक स्कूल के गरबा नृत्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नपं. के उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत के साथ राजेन्द्र सिंह राजपूत सिमरिया, राजपाल सिंह राजपूत, सत्यनारायण रघुवंशी, अंकित तिवारी, प्रदीप धाकड़ सहित अन्यों का स्कूल संचालक राघवेन्द्र राजपूत द्वारा आत्मीय स्वागत किया। गरबा में छात्र-छात्राओं के साथ पालकों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।



### संस्कृति से जोड़ने का किया जा रहा प्रयास

इस अवसर पर सर्वोदय स्कूल के संचालक राघवेन्द्र राजपूत ने कहा कि विद्यालय के छात्र-छात्राओं को अपनी संस्कृति, धार्मिक परंपराओं से जोडऩे का प्रयास हमेशा किया जाता है। गरबा नृत्य कार्यक्रम के द्वारा माँ दुर्गा की भक्ति आराधना से जोडऩे का प्रयास की पालकों द्वारा भारी प्रसंशा की जा रही है।

## दशहरा मैदान का कलेक्टर-एसपी ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

# 30 फीट ऊंचे अहंकारी लंकापति रावण के पुतले का किया जाएगा दहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिला मुख्यालय के दशहरे ग्राउंड पर अधर्म पर धर्म की विजय के प्रतीक दशहरे के त्यौहार पर आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। यहां 30 फीट ऊंचे अहंकारी रावण के पुतले का दहन रंगबिरंगी आतिशबाजी के साथ किया जाएगा। श्री हिउस के अध्यक्ष अनिल चौरसिया कार्यकारी अध्यक्ष रवि खत्री द्वारा जानकारी देते हुए बताया लंकापति रावण का पुतला भोपाल से मंगवाया जा रहा है।

इस दौरान गुना, भोपाल के कलाकारों की चित्ताकर्षक आतिशबाजी भी आकर्षण का केंद्र रहेगी। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम और रावण की सेना के बीच महासंग्राम की लीला का मंचन किया जाएगा। इसके बाद रावण के पुतले का दहन होगा। इसके अलावा लोगों को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई जाएगी। दशहरे मैदान पर तैयारियों को लेकर कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा और एसपी पंकज कुमार पाण्डेय अधिकारियों के साथ दशहरे मैदान पहुंचे और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। दशहरे मैदान में श्री हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष अनिल चौरसिया से पूरे कार्यक्रम की जानकारी ली।

### महावीर की निकलेगी शोभायात्रा

हिउस अध्यक्ष अनिल चौरसिया ने बताया कि इस साल रावण दहन के मुख्य आयोजन में केंद्रीय मंत्री श्री चौहान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। दशहरे पर्व पर महाबली हनुमानजी का मुखौटा भी सिद्ध हनुमान मंदिर बावड़ीपुरा से 2 अक्टूबर गुरुवार की शाम जय रघुवीर जय महावीर समिति रायसेन द्वारा गाजेबाजों के साथ शहर के प्रमुख मार्गों से निकाला जाएगा।

## भावांतर में अधिकतम राशि तय हुई तो सोयाबीन खरीदी में होगा नुकसान

# सप्ताहभर में आने लगेगी नई उपज मंडी में भाव अंतर से होगा भुगतान

अक्टूबर महीने के पहले सप्ताह शहर सहित कृषि उपज मंडियों में सोयाबीन की नई फसल बिकने आना शुरू हो जाएगी। बीच-बीच बारिश होने से खेतों में कटी सोयाबीन की फसल भीगने से आनन-फानन में किसान फसलों की थ्रेसिंग शुरू कर दी है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सोयाबीन की बोवनी करने वाले किसानों के लिए भावांतर भुगतान योजना राहत देने वाली होगी, लेकिन यह स्थिति भावांतर में अधिक राशि निर्धारित नहीं होने पर बनेगी। भाव में अंतर की अधिकतम राशि निर्धारित की गई तो किसानों को समर्थन मूल्य जितनी राशि मिलना मुश्किल हो जाएगा। वर्तमान में किसानों को मंडी में मिल रही कीमत को देखते हुए योजना से काफी हद तक नुकसान की भरपाई हो जाएगी। लेकिन समर्थन मूल्य जिनती राशि मिलना मुश्किल होगा।

भावांतर योजना को लेकर जानकारी दी गई है, लेकिन गाइडलाइन बुधवार को मिलने की संभावना है। अब तक स्थिति में सोयाबीन की खरीदारी समर्थन मूल्य पर नहीं होगी।

### समर्थन मूल्य पर नहीं खरीदा जाएगा किसानों का सोयाबीन

शासन स्तर से इस बार समर्थन मूल्य पर सोयाबीन की खरीदारी नहीं की जाएगी। ऐसे में किसानों को हर हाल में उपज मंडी में हीसोयाबीन उपज औने पौने दामों पर बेचना पड़ेगा। ऐसे में तय है कि किसानों को मंडी में समर्थन मूल्य से कम कीमत मिलेगी। नई उपज आने के बाद कीमत में और कमी होने की संभावना है।

जिले में किसानों ने करीब 3.80 लाख हेक्टेयर में सोयाबीन की बोवनी की है। अतिवृष्टि में न केवल खरीफ सीजन की फसल प्रभावित हुई है। बल्कि वर्तमान में कृषि उपज मंडियों में मिल रही कीमतों से भी किसान हतोत्साहित हुए हैं।

असल कृषि उपज मंडी में रायसेन एक सप्ताह में हुई सोयाबीन की खरीदी 4601 रुपये प्रति क्विंटल की दर से कीमत मिली है। जबकि शासन से सोयबीन का समर्थन मूल्य 5328 स्पेंड किया था। किसानों को इस बात का भय सता रहा था कि नई उपज आने से उनकी सोयाबीन मंडी में आने से और सोयाबीन उपज बिक्री उनको भारी नुकसान और उठाना पड़ेगा।



### किसान बोले राशि की न हो समय सीमा

*ग्राम मुगालिया के किसान चैन सिंह मीणा ने बताया कि इस बार सौ एकड़ रकबा में सोयाबीन फसल की बोवनी की थी। अधिकतम हफ्तेभर में सोयाबीन की फसल पककर तैयार हो जाएगी। गल्ला मंडी की वर्तमान स्थिति को देखते हुए सोयाबीन उपज को कम कीमत मिलने की संभावना है। ऐसे में भावान्तर योजना से राहत मिलेगी, लेकिन इसमें प्रति क्विंटल भाव में अंतर की अधिकतम राशि तय की गई है, तो अन्नदाताओं को नुकसान होगा। सोयाबीन की समर्थन मूल्य पर खरीदी भी होना चाहिए।*

### इनका कहना है

किसानों को कृषि उपज मंडी में मिले भाव का अंतर दिया जाएगा। भाव के अधिकतम अंतर की तय सीमा के संबंध में अभी कुछ नहीं कहा जा सकता है।

**- केएस भगत,** उप संचालक कृषि विभाग।

### योजना के नियम

- किसानों को भावांतर योजना का लाभ पंजीयन कराने पर ही मिलेगा।
- पंजीयन से पहले उपज की बिक्री पर योजना का लाभ नहीं मिलेगा।
- किसान द्वारा उपज की बिक्री पर कृषि उपज मंडियों में ही की जाएगी।
- भाव में अंतर का भुगतान मंडी में उपलब्ध विवरण के आधार पर होगा।
- भावांतर में अधिकतम राशि को लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है।

### ऐसे समझिए भावांतर योजना व भावांतर से नुकसान

सोयाबीन का समर्थन मूल्य 5328 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। किसान को यदि कृषि उपज मंडी में सोयाबीन की बिक्री करने पर प्रति क्विंटल 4100 रुपये दाम मिलते हैं तो समर्थन मूल्य से अंतर यानि 728 रुपये का भुगतान सरकार किसान के खाते में करेगी। सोयाबीन की यदि 4 हजार या इससे कम कीमत मिली तो समर्थन मूल्य से भाव में अंतर 1328 रुपये या इससे अधिक हो जाएगा। इस स्थिति में सरकार भावान्तर में अधिकतम राशि 750 रुपये या इसके आसपास निर्धारित करती है तो किसानों को नुकसान होगा। क्योंकि समर्थन मूल्य पर उपज की बिक्री पर उन्हें पूरे 5328 रुपये मिलते हैं।


## शहर में विराजित जगत जननी की भव्य प्रतिमाएं




श्री वीर शिवाजी दुर्गोत्सव समिति पीएचई रोड़ की झांकी।



भवानी चौराहे की आकर्षक शिवशक्ति की झांकी।



दुर्गा चौक पुराना बस स्टैंड में विराजित मां जगदंबे।



अथाईं मोहल्ला वार्ड 3 में विराजित महिषासुर मर्दनी।



गंजबाजार माता महाकाली की झांकी।



मां शारदा भवानी मैहर महामाया चौक की झांकी।



शहर के पाटनदेव में विराजी मां दुर्गा, राक्षसों का संहार करती प्रतिमा भक्तों को कर रही आकर्षित।

## 25000 की ज़मीन में बिछाने की कॉपर केबिल ज़ब्त

# वेलस्पन कंपनी में दिन दहाड़े कॉपर केबिल चोरी कर रहे दो चोर आए गिरफ्त में, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

वेलस्पन कंपनी में दिन दहाड़े कॉपर की केबिल चोरी कर रहे दो चोर पकड़ में आ गए हैं। जिन्हें पुलिस ने मामला दर्ज कर मंगलवार को रायसेन न्यायालय में पेश किया है। जानकारी के अनुसार वेलस्पन कंपनी में सोमवार दोपहर लगभग साढ़े 3 बजे एसपी 3 प्लॉट के पास युवक सामान उठाते हुए सहायक सुरक्षा अधिकारी अभिषेक लोवंशी को दिखे, उन्होंने मौके पर जाकर देखा तो 2 चोर ज़मीन में बिछाने वाली चार लेयर वाली कॉपर केबिल जिसकी कीमत लगभग 25 हजार रुपए काटकर प्लास्टिक की बोरी में भर रहे थे। उनको तत्काल रंगे हाथों पकड़ लिया।

चोरों की पहचान सरवन लोधी पिता निर्भय सिंह लोधी उम्र 25 वर्ष और मोहित लोधी पिता गजराज सिंह लोधी उम्र 19 वर्ष दोनों निवासी जमुनिया गांव के रूप में हुई। पुलिस को मामले की जानकारी देकर दोनों चोरों को उनके हवाले कर दिया।



वहीं सलामतपुर पुलिस ने सरवन लोधी और मोहित लोधी से चोरी की कॉपर केबिल ज़ब्त कर के उनके विरुद्ध फरियादी खेलराम तिवारी की रिपोर्ट पर धारा 303(2), 3/5 बीएनएस का मामला दर्ज कर मंगलवार को रायसेन न्यायालय में पेश किया है।

# सांची विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री ने खेल स्टेडियम का किया भ्रमण, देखीं व्यवस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री क्षेत्रीय सांसद शिवराज सिंह चौहान द्वारा संसदीय क्षेत्र विदिशा में फिटनेस को बढ़ावा देने और स्थानीय खेल प्रतिभाओं की पहचान करने के उद्देश्य सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

सांसद खेल महोत्सव के तहत रायसेन स्थित खेल स्टेडियम में भी प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। जिसको लेकर सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, पूर्व केबीनेट मंत्री रामपाल सिंह राजपूत, युवा नेता कार्तिकेय चौहान, भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा, जिला खेल अधिकारी जलज चतुर्वेदी ने खेल स्टेडियम का भ्रमण कर खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन के संबंध में चर्चा की। सांसद खेल महोत्सव में विदिशा संसदीय क्षेत्र में 6 मुख्य खेल एवं 3 परम्परागत मनोरंजक खेल का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने खेल अधिकारी श्री चतुर्वेदी को तमाम व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के लिए आदेश दिए हैं।



# खाद कालाबाजारी के आरोपी सहा. गोदाम प्रभारी बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

खाद की काला बाजारी को लेकर मिल रही शिकायत पर बीते दिनों प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाही के बाद कालाबाजारी के आरोप सही मिलने पर सहायक गोदाम प्रभारी यश भार्गव को पद से पृथक कर दिया है, जबकि सहायक संचालक कृषि ने संपूर्ण मामले की जांच के लिए एक दल गठित किया है जांच समय सीमा में कर रिपोर्ट प्रशासन को सौंपेगा।

ज्ञात रहे कि बीते शुक्रवार को नगर से निकले स्टेट हाईवे 15 स्थित सुंदरम वेयर हाउस पर एसडीएम और नायब तहसीलदार की टीम ने दबिश दी। मौके पर 135 बोरी डीएपी और यूरिया बिना किसी रसीद के ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरी मिली।


निरीक्षण के दौरान वेयर हाउस प्रभारी अनुपस्थित पाए गए। किसानों ने अधिकारियों से कर्मचारियों पर काला बाजारी में संलिप्त होने के आरोप लगाए। जिस पर डिप्टी डायरेक्टर एग्रीकल्चर ने मामले की जांच के लिए दल गठित कर दिया है। जिसमें सामने आया है कि अधिकारियों द्वारा खाद की ट्रॉलियां पकड़े जाने के बाद उसी दिन रात करीब 8 बजे वेयर हाउस से 11 किसानों की पर्चियां काटी गईं, जिनकी समय सीमा संदिग्ध है।

इसके अतिरिक्त उसी दिन अधिकारियों को जानकारी मिली कि एक ट्रेक्टर-ट्राली जो कि सियरमऊ तरफ जा रही है, उसमें भी खाद की बोरिया भरी है। जिस पर अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाही कर उक्त वाहन को तहसीलदार ने मौके पर पहुंच कर पकड़ा। खाद से भरी जब्त की गई दोनो ही ट्राली को थाने में खड़ा कराया गया था। ज्ञात रहे कि किसानो के लिए बंटने आई खाद की लगातार जिम्मेदारो के द्वारा ब्लेक मार्केट में विक्रय किया जाना बताया जा रहा हैं।

इस संबंध में एसडीएम सिलवानी हर्षल चौधरी ने बताया कि सहायक प्रभारी यश भार्गव को पद से हटा दिया गया है।

# ज्वारे की शोभायात्रा निकाल किया विसर्जन

◆ महिलाओं एवं कन्याओं ने अपने सिर पर ज्वारे रखकर शोभायात्रा में हुई शामिल



**हरिभूमि न्यूज, बाड़ी।** शारदीय नवरात्रि में देवी मां की नौ दिनों की उपासना के बाद बोए गए ज्वारों की मंगलवार को दोपहर शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा बाड़ी कलां स्थित मां बीजासेन के दरबार से ढोल नगाड़ों के बीच शुरू हुई। माता भक्त देवी मां के जस गाते हुए चल रहे थे। ज्वारे कलश महिलाओं एव कन्याओं ने सिर पर रखकर शामिल हुईं, जो जलस्त्रोतों पर पहुंचकर श्रद्धा पूर्वक ज्वारों का विसर्जन किया। बाड़ी के अन्य मोहल्लों से भी ज्वारों की शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई।

## धूमधाम से मनाया जाएगा दशहरा

# अष्टमी, नवमी पर मंदिरों में रही भक्तजनों की भीड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

अष्टमी और नवमी पर क्षेत्र में अलग अलग माता मंदिरों में मां की पूजा पूरे विधान से हो रही है। मां के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंच रहे है, जिससे मंदिरों में भीड़ देखी जा रही है। क्षेत्र भर में नवरात्रि का त्योहार बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है।

वहीं 2 अक्टूबर को दशहरा पर्व मनाया जाएगा। दशहरा के दिन आसपास के गांव में चल समारोह निकाला जाएगा।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की कलेक्टर-एसपी ने ली बैठक

कलेक्टर ने दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए कार्रवाई के अधिकारियों को दिए निर्देश

# एसपी ने कहा... यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर करें कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक पंकज पाण्डे भी उपस्थित रहे। बैठक के प्रारंभ में कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने पिछली बैठक में चिन्हित हॉट स्पॉट पर सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए दिए गए निर्देशों के अनुरूप अभी तक की गई कार्यवाही की विस्तृत जानकारी ली।

कलेक्टर श्री विश्वकर्मा, पुलिस अधीक्षक श्री पाण्डे ने जिले में वर्तमान वर्ष में अभी तक हुई सड़क दुर्घटनाओं की संख्या, इन दुर्घटनाओं में घायलों तथा मृतकों की जानकारी ली और दुर्घटना के कारणों पर विस्तृत चर्चा कर रोकथाम के लिए गंभीरतापूर्वक आवश्यक कार्यवाही के निर्देश अधिकारियों को दिए।



उन्होंने अधिक दुर्घटना संभावित स्थल थाना देवरी अंतर्गत मुरपार जोड़, थाना उदयपुरा अंतर्गत ग्राम सिलारीकला मार्ग, करन सिंह पिपरिया स्थित छींद धाम मार्ग जोड़ सहित अन्य मार्गो पर दुर्घटनाओं को रोकने सभी जरूरी कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा, एसपी श्री पाण्डे ने आरटीओ जगदीश भील यातायात प्रभारी लता मालवीय, पुलिस अधिकारियों को यातायात नियमों का पालन कराने के निर्देश देते हुए कहा कि समझाइश के उपरांत भी यातायात नियमों का उल्लंघन करने , ओवर लोडिंग करने वाले वाहन चालकों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। यातायात प्रभारी अधिकारी लता मालवीय द्वारा सड़क सुरक्षा समिति के एजेण्डे के बारे जानकारी दी गई।

### ये रहे बैठक में उपस्थित

बैठक में जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया, सहायक कलेक्टर कुलदीप पटेल, अपर कलेक्टर मनोज कुमार उपाध्याय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश खरपुसे, लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य, एनएचएआई, संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।